भारत सरकार /**GOVERNMENT OF INDIA**
रेलमंत्रालय/ **MINISTRY OF RAILWAYS**
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 07.05.2025

## आरेडिका में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली चिकित्सालय में दिनांक 07.05.2025 दिन बुधवार को आरेडिका चिकित्सालय के चिकित्साधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से मेदांता अस्पताल लखनऊ से आये विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. अनिल (पल्मोनोलॉजिस्ट), डॉ. हिमांशू (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट) एवं डॉ. विजय मौर्या (अस्थिरोग विशेषज्ञ) के द्वारा चिकित्सालय में आए कुल 356 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ–साथ 121 रोगियों ने फाइब्रोस्कैन, 44 ने पीएफटी तथा 75 रोगियों ने बीएमडी जैसी विशेष जाँच सेवाओं का लाभ उठाया । इस अवसर पर प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा जैन द्वारा विशिष्ट अतिथि चिकित्सकों को पौधा भेंट कर सम्मान किया जो प्रकृति और स्वास्थ्य के सामंजस्य का प्रतीक रहा।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य केवल परीक्षण करना ही नहीं बल्कि समुदाय को उनके स्वास्थ्य के प्रति सम्यक जागरूकता प्रदान करना और उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति संवेदनशील बनाना है। शिविर के समापन उपरांत, महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा जी के मार्गदर्शन में सांय 3:30 बजे प्रशासनिक भवन के सभागार में एक विशेष स्वास्थ्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेदांता अस्पताल, लखनऊ के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. संदीप वर्मा (GI सर्जरी, GI ऑन्कोलॉजी और बेरिएट्रिक सर्जरी) तथा डॉ. रोहित कपूर (यूरोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी) ने महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक जानकारी साझा की। इस गोष्ठी में महाप्रबंधक महोदय सहित उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए स्वास्थ्य संबंधी अत्यंत उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

"स्वस्थ शरीर, सशक्त जीवन" के संकल्प को आत्मसात करते हुए आरेडिका रायबरेली के अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की जिससे इस आयोजन को सफलता मिली। यह शिविर केवल एक चिकित्सीय प्रयास नहीं था बल्कि यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी प्रदान करता है कि स्वास्थ्य, शरीर और मन की सुदृढ़ता सर्वोत्तम उद्देश्य होना चाहिए। आरेडिका चिकित्सालय द्वारा यह आयोजन निःसंदेह आरेडिका परिवार के लिए एक प्रेरणादायक और जागरूकतापूर्ण कदम है जो भविष्य में निरंतर स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों के माध्यम से आरेडिका परिवार को जागरूक करने में अपनी भूमिका निभाता रहेगा।

07/5/2025
(आर एन तिवारी )
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी